युवराज

# न्यूज़ टुडे

NEWS TODAY Update

RNI:- BIHHIN05409

www.newstodayupdate.in

आपकी आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

वर्ष : 06 अंक : 10+15 तिथि : 15 जून 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अस्थाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272


## न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

## बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के सुसाइड मामले में तरह-तरह की चर्चाओं के बीच सामने आई लव अफेयर की भी बात, स्वजन बोले- वह सुसाइड नहीं कर सकता

पड़ताल



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,







बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के सुसाइड मामले में तरह–तरह की चर्चाओं के बीच एक चर्चा लव अफेयर की भी हो रही है। सुशांत के पटना स्थित घर के पास रहने वाले अमरनाथ सिंह ने बताया कि सुशांत के पिता बेटे के किसी लड़की से अफेयर की बात कह रहे थे। वे मार्च में मुंबई जाना चाहते थे, लेकिन लॉकडाउन के कारण पिता पटना में ही रह गए और हादसा हो गया। इस बीच स्वजनों ने इसे सुसाइड मानने से भी इनकार किया है। उन्होंने इसे हत्या बताते हुए सीबीआइ जांच की मांग की है।

### पड़ोसी बोले, पिता करते थे लव अफेयर की चर्चा

सुशांत के पटना के पड़ोसी अमरनाथ सिंह ने कहा कि सुशांत के पिता केके सिंह अकसर कहते थे कि बेटे का किसी बंगाली लड़की से लव अफेयर है। वे वहां जाकर मामला देखने की बात कहते थे। वे मार्च में ही मुंबई जाने वाले थे, मगर लॉकडाउन के कारण नहीं जा सके। इसके बाद यह हादसा हो गया।

### खुदकुशी मानने को तैयार नहीं सुशांत के स्वजन

सुशांत सिंह राजपूत की खुदकुशी करने की बात परिजन मानने को तैयार नहीं है।

अभिनेता के मामा आरसी सिंह ने कहा कि सुशांत काफी मजबूत लड़का था। उसकी हत्या हुई है। इसकी सीबीआइ से जांच होनी चाहिए। उन्होंने अंदेशा जताया कि कुछ दिन पहले सुशांत की मैनेजर ने सुसाइड किया था। हो सकता है, पुलिस या किसी और का उसपर दबाव हो। अब यह सब बातें तो जांच के बाद ही पता चलेगी।

### बहन बोली: उन्होंने कभी नहीं की परेशानी की चर्चा

सुशांत की ममेरी बहन भव्या ने बताया कि उन्होंने कभी बातचीत में किसी परेशानी का जिक्र नहीं किया। ऐसे में विश्वास करना मुश्किल है कि भइया ने आत्महत्या की है।

### दिनभर घर में लगा रहा नेताओं का तांता

सुशांत की मौत की खबर के बाद राजीवनगर स्थित उनके घर के बाहर लोगों का तांता लगा रहा। पूर्व सांसद लवली आनंद, पप्पू यादव और दीघा विधायक संजीव चौरसिया ने भी घर जाकर स्वजनों को सांत्वना दी। पूर्व सांसद पप्पू यादव ने भी घटना की सीबीआइ जांच की मांग रखी है।

## दिल्ली में कोरोना के बिगड़ते हालात पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में पहुंचे आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,

न्यूज़ टुडे विचारणीय मुद्दा




दिल्ली में कोरोना के बिगड़ते हालात पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक जारी है। बैठक में पहुंचे आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि केंद्रीय मंत्री अमित शाह के समक्ष अपनी राय रख रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, तीनों ही प्रमुख दल कोरोना का टेस्ट करने की बात पर सहमत हैं। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली में ज्यादा से ज्यादा लोगों का कोरोना टेस्ट कराने की बात रखी है।

सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि बैठक में कांग्रेस की ओर बतौर प्रतिनिधि पहुंचे दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल चौधरी ने अमित शाह से मांग की है कि कोरोना का टेस्ट सबके के लिए उपलब्ध होना चाहिए। यह सबका अधिकार है। इसी के साथ कांग्रेस ने यह भी मांग की है कि जो सदस्य कोरोना से पीड़ित हो, उसके परिवार को 10,000 रुपये दिए जाएं।

सूत्रों के हवाले से यह भी खबर आ रही है कि सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने यह भी मांग की है कि चौथे वर्ष के मेडिकल छात्रों को गैर–स्थायी निवासी डॉक्टरों के रूप में इस्तेमाल किया जाए और स्वास्थ्य कर्मचारियों के संकट के चलते बैचलर ऑफ फार्मेसी या नर्सिंग के भी चौथे वर्ष के छात्रों को स्वास्थ्य के लिए वैकल्पिक रूप में इस्तेमाल किया जाए।

कांग्रेस की ओर से दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल चौधरी बैठक में पहुंचे हैं, जबकि दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

गृह मंत्रालय के एक अधिकारी की मानें तो अमित शाह दिल्ली के राजनीतिक दलों के साथ कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण से निपटने के उपायों पर चर्चा करेंगे। साथ ही राजनीतिक दलों की राय भी लेंगे।

अनिल चौधरी ने रविवार को ही कहा था– 'मुझे गृह मंत्रालय से बैठक की सूचना मिली है। मैं बैठक में भाग लूंगा और लोगों से मिले सुझाव को गृहमंत्री के समक्ष रखूंगा।' वहीं, भाजपा की ओर से इस बैठक में दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता शिरकत कर सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी इस बैठक में कम टेस्टिंग समेत अस्पतालों की व्यवस्था का सुझाव दे सकती है।

इससे पहले रविवार को अमित शाह की दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन, दिल्ली के तीन नगर निगमों के महापौरों और आयुक्तों के साथ दो–दो मीटिंग की थीं। इसमें कई अहम निर्णय लिए गए थे।

बैठक के बाद कहा गया है कि दिल्ली में अगले 2 दिनों में कोविड–19 की जांच की संख्या दोगुनी की जाएगी। 6 दिन बाद टेस्टिंग को तीन गुना किया जाएगा, जिससे पीड़ितों की पहचान कर उनका समय पर इलाज हो सके और अन्य लोगों में फैलने से रोका जा सके।

इसी के साथ दिल्ली को 500 रेलवे आइसोलेशन कोच देने की भी घोषणा हुई, जिसमें 8,000 अतिरिक्त बेड होंगे।

खासकर कंटेनमेंट जोन में कॉन्टैक्ट मैपिंग के तहत घर–घर जाकर हर एक का हेल्थ सर्वे किया जाएगा। केंद्र ने अपने पांच सीनियर अधिकारी भी दिल्ली सरकार को दिए हैं ताकि प्लानिंग और मैनेजमेंट बेहतर हो सके।

बता दें कि दिल्ली में रविवार को अब तक के सर्वाधिक 2,224 नए मामले सामने आए। इसके बाद राज्य में कुल मरीजों का आंकड़ा 41,182 हो गया है। जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 1300 के पार चली गई है।






## मोतिहारी शहर में आया कोरोना, नगर थाना के 11 पुलिसकर्मियों में मिला कोरोना का वायरस, मचा हड़कंप



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

बिग ब्रेकिंग




जिले में पांव पसारने के पश्चात मोतिहारी शहर में आया कोरोना का वायरस। मोतिहारी नगर थाना के 11 पुलिसकर्मियों में मिला कोरोना। नगर थाना में पदस्थापित तीन दरोगा, एक चालक, एक डाटा ऑपरेटर और छह सिपाहियों में कोरोना का वायरस मिलने से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मचा है।

इसकी पुष्टि करते हुए सिविल सर्जन डा. रिजवान अहमद ने बताया कि 11 पुलिसकर्मियों में कोरोना वायरस मिलने के बाद सभी को होम कोरेण्टाइन किया गया है। उन्होंने बताया कि आज पूर्वी चम्पारण जिले में कुल 12 कोरोना पोजेटीव मिला है।

## चुनाव आयोग ने कहा कि इस साल के अंत तक तय समय पर बिहार विधानसभा चुनाव संपन्न करा लिया जाएगा



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,





कोरोना के चलते बिहार विधानसभा चुनाव में देरी की अटकलों को खारिज करते चुनाव आयोग ने यह साफ कर दिया है कि इस साल के अंत तक तय समय पर इसे संपन्न करा लिया जाएगा। कोरोना संकट के बीच ये अटकलें लगायी जा रही थी बिहार चुनाव टल सकता है।

मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने एक अखबार को दिये बयान में कहा कि अप्रैल, मई और जून में होने वाली विधानसभाओं और संसद के उपचुनावों को महामारी के कारण स्थगित करना पड़ा था। लेकिन बिहार में चुनाव तय समय पर अवश्य होंगे।

उन्होंने कहा कि फिलहाल बिहार चुनाव को टालने के लिए किसी योजना पर विचार नहीं किया जा रहा है। चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग में आवश्यक तैयारी चल रही है। स्पष्ट है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2020 अपने तय समय पर ही होंगे। हालांकि कोरोना संकट के बीच चुनाव प्रक्रिया की अवधि के दौरान महामारी से बचने के नियमों का पालन

## मोतिहारी शहर में टेम्पो एवं ई-रिक्शा चालकों को मास्क एवं साबुन के साथ प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी का पत्र और केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पत्रक दिया गया



सम्राट, संवाददाता




मोतिहारी शहर में टेम्पो एवं ई–रिक्शा की संख्या लगभग 800 से ज्यादा है। पिछले कई महीनों से ये सब बेरोजगार थे। अब सभी शहर में अपने – अपने काम पर आ चुके हैं।

उक्त बातें आज सांसद मोतिहारी,चौयरमैन रेलवे स्टैंडिंग कमिटी सह पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह ने नगर भवन के मैदान में अपनी ओर से सभी चालकों को मास्क एवं साबुन उपलब्ध कराया। साथ ही प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी का पत्र और केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पत्रक भी सभी को दिया।गौरतलब है कि लॉक डाउन ले दरम्यान और उसके बाद भी सांसद श्री सिंह ने मोतिहारी संसदीय क्षेत्र में हर विभाग और क्षेत्र में दो लाख के करीब मास्क,सेनेटाइजर और साबुन का वितरण अपनी ओर से किया है।

उक्त अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश आस्थाना,जिला महामंत्री मार्तण्ड नारायण सिंह,मोतिहारी नगर अध्यक्ष दक्षिणी मंडल रविभूषण श्रीवास्तव, कार्यलय मंत्री पप्पू पाण्डेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# विधायक भाई, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, डीजीपी के अलावा बिहार की अन्य हस्तियों ने भी सुशांत की मौत की खबर पर हैरानी भरा दुख जाहिर किया



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,




फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की खुदकुशी से समूचा बिहार सन्न रह गया। जैसे ही यह खबर पटना पहुंची, यहां उनके विधायक भाई नीरज कुमार बबलू बेचौन हो उठे। इसके अलावा बिहार की अन्य हस्तियों ने भी सुशांत की मौत की खबर पर हैरानी भरा दुख जाहिर किया। केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय समेत उन्हें तमाम करीब से जानने वालों ने सुशांत के सुसाईड की खबर पर आश्चर्य जताया। सबका मानना था कि वह एक एनर्जेटिक और पॉजिटिव सोच वाले इंसान थे। उन्होंने क्यों यह कदम उठाया यह हैरानी भरा है।

यहां पटना में सुशांत सिंह की मौत पर उनके चचेरे भाई और भाजपा के सुपौल से विधायक नीरज कुमार बबलू ने कहा कि उन्होंने इस घटना के बारे में कभी सपने में भी नहीं सोचा था। यकीन नहीं होता। उन्होंने कहा कि 5 भाइयों में सबसे छोटा सुशांत बचपन से बहुत होनहार था। पूरा परिवार अपने इस सबसे छोटे सदस्य की मौत से गमजदा है। सुशांत के शव को मुंबई से पटना लाने की तैयारी की जा रही है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चर्चित फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के निधन पर गहरा शोक एवं दुख व्यक्त किया है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि उनके असमय निधन से फिल्म जगत को अपूरणीय क्षति हुई है. मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि सुशांत सिंह राजपूत बिहार के रहने वाले थे और उन्होंने अपने अभिनय की बदौलत फिल्म जगत में बड़ी पहचान बनायी थी.नीतीश कुमार ने कहा कि वे दर्शकों के बीच अत्यंत लोकप्रिय थे. उनका निधन हृदयविदारक घटना है. ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें. मुख्यमंत्री ने स्व सुशांत सिंह राजपूत की आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

इधर सुशांत सिंह की मृत्यु पर पटना के सांसद और केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भी दुख जताया। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि बेहद प्रतिभाशाली अभिनेता सुशांत सिंह नहीं रहे। यह जानने के बाद से वह स्तब्ध हैं। वह मेरे शहर पटना से थे। शपथ ग्रहण के दौरान राष्ट्रपति भवन में उनसे हुई मुलाकात मुझे आज भी याद है। मुलाकात के दौरान, उन्होंने मुझे बताया था कि उनका परिवार पटना के राजीव नगर में रहता है। उसे बहुत आगे जाना था, लेकिन वह बहुत पहले चला गया।

वहीं बिहार के डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय ने सुशांत मौत पर ट्वीट कर अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने लिखाकृ'मशहूर बॉलीवुड हस्ती सुशांत सिंह राजपूत का असमय जाना हृदय को झकझोर गया। व्यथित हूं। कितनी पीड़ा में प्राण निकले होंगे। सोच कर हृदय पिघलने लगता है। उनकी सद्गति और शांति के लिए उपवास और प्रार्थना करुंगा। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मदनमोहन झा ने भी अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत पर शोक जताया है।

# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत जिला अन्तर्गत सभी महादलित टोलो में कम से कम दो सामुदायिक शौचालय निर्माण का लक्ष्य



सम्राट, संवाददाता




लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत जिला अन्तर्गत सभी महादलित टोलो में कम से कम दो सामुदायिक शौचालय निर्माण का लक्ष्य है। इसके लिए जिलाधिकारी एसके अशोक ने सभी बीडीओ को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है। कहा है कि चयनित स्थलों पर सामुदायिक शौचालय के निर्माण के लिए सीओ भूमि उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। वर्तमान में लगभग एक सौ दस सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

जिसमें संग्रामपुर में चार, चिरैया में दो, मोतिहारी सदर में एक, बंजरिया में एक, बनकटवा में एक, कल्याणपुर में एक, चकिया में दो, केसरिया में दो सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका हैं। संग्रामपुर के भटवलिया एवं मधुबनी पूर्वी पंचायत, मोतिहारी सदर के रामसिंह छतौनी पंचायत, बंजरिया के चौलाहआ पंचायत , बनकटवा के इनरवा फुलवार पंचायत में नव निर्मित सामुदायिक शौचालयों को जनता के उपयोग के लिए खोल दिया गया है। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुसार सामुदायिक शौचालय के निर्माण हेतु समेकित रूप से लगभग उन्नीस सौ महादलित टोलो का चयन किया गया है।अधिकांश प्रखंडों में सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए प्रारंभिक चरण का कार्य प्रारंभ हो गया है। निर्माण कार्य में प्रवासी श्रमिको को संलग्न किया गया है।

सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य क्रम में जल–जीवन व हरियाली अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण के उद्देश्य से सामुदायिक शौचालय परिसर के आस–पास पौधारोपण, सोख्ता निर्माण का निर्देश है। साथ ही स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ठोस द्रव्य अपशिष्ट प्रबंधन की भी व्यवस्था की जाएगी।

# कोरोना का संकट अभी टला नहीं फिर भी मजदूरों का पलायन शुरू, केवल तेतरिया प्रखंड में बीते चार दिनों में डेढ़ दर्जन से अधिक बसें पंजाब से पहुंची, अधिकतर बसों पर कोविड-19 का स्टीकर



रिंकू गिरी,
संवाददाता




कोरोना का संकट अभी टला नहीं फिर भी मजदूरों का पलायन पुनः तेज हो गया है। हाल ही में काफी मशक्कत के बाद दूसरे प्रदेशों से मजदूरों की घर वापसी हुई है। लेकिन अब पंजाब, हरियाणा, आदि प्रदेशों से बड़ी– बड़ी वातानुकुलित बसें मजदूरों को पुनः ले जाने के लिए प्रखंड के विभिन्न चौक–चौराहों पर आने लगी हैं।

उनके एजेंट गांवों में घूम कर डबल मजदूरी का लालच दे रहे हैं। मजदूरों को बिना शारीरिक दूरी का ख्याल किये बसों में भरकर अन्य प्रदेशों में ले जाने में लगे हैं। वहां से वापसी का प्रलोभन भी दे रहे हैं।

इधर घर आए प्रवासी श्रमिकों को बुलावा आने लगा है। जिले के तेतरिया प्रखंड में बीते चार दिनों में डेढ़ दर्जन से अधिक बसें पंजाब से पहुंची हैं। उसमें प्रखंड के विभिन्न गांवों से एक हजार से अधिक प्रवासी श्रमिक गए हैं। अभी और भी प्रवासियों को ले जाने की तैयारी कर रहे। पंजाब से आईं अधिकतर बसों पर कोविड–19 का स्टीकर लगा रहता है।

## सुरक्षित ले जाने के दे रहे भरोसा

तेतरिया प्रखंड के राजेपुर, महमदपुर मझौलिया, तेतरिया, नारायणपुर सेमराहा, मेघुआ और झिटकहियां समेत अन्य गांवों से बड़ी संख्या में लौटे प्रवासी श्रमिक यहां काम नहीं मिलने से परेशान हैं। अधिकतर पंजाब में कृषि कार्य से जुड़कर मजदूरी करते थे। धान की रोपनी प्रारंभ होने के साथ ही वहां से कई संपन्न किसान यहां पहुंच रहे हैं। वे गांव–गांव घूमकर मजदूरों को यह भरोसा दिला रहे कि उन्हें सुरक्षित ले जाएंगे। कार्य पूरा होने के बाद वापस पहुंचा देंगे। इसके लिए वे उन्हें बतौर एडवांस एक–दो हजार रुपये भी दे रहे। साथ ही उन्हें पहले से अधिक मजदूरी देने का लालच दिया जा रहा। अब तक 20 बसों से तकरीबन एक हजार श्रमिकों को पंजाब ले जाया जा चुका है। इसके अलावा छोटे वाहनों से भी ले जाया जा रहा।

## नहीं मिल रहा काम, बाहर जाने की मजबूरी

सेमराहा के गजेंद्र सहनी, प्रवीण कुमार, पुनास के मोतीलाल राम और सलेमपुर के राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मनरेगा जॉबकार्ड मिला है, पर काम नहीं मिलने के कारण आर्थिक संकट है। पंजाब से ऑफर मिला है। जाने की तैयारी कर रहे। तेतरिया के रामटहल का कहना है कि बस से जाना सुरक्षित है। क्योंकि ट्रेन से दिल्ली होकर जाने में कोरोना का खतरा है।

## गांव-गांव घूम रहे बिचौलिए

मजदूरों की तलाश में पंजाब के संगरूर से आए सरदार जसवंत ङ्क्षसह और गुरुतेज सिंह ने बताया कि कोरोना के चलते बिहारी भैया नहीं पहुंच पाए हैं, इसलिए अपनी गाड़ी से लेने आए हैं। अबकी मजदूरी भी बढ़कर मिलेगी। यहां से जाने वालों को गांव से अलग फॉर्म पर रखा जाएगा। उन्हें सुरक्षित तरीके से काम लेने के बाद वापस भेजा जाएगा। इसके अलावा पंजाब ले जाने वाले बिचौलिया व मजदूरों के ठेकेदार भी सक्रिय हैं। गरीब मजदूरों को एडवांस दिलवाने के साथ तरह–तरह का झांसा दे रहे। प्रखंड प्रमुख तेतरिया विनय कुमार यादव का कहना है कि हमलोग अपने स्तर से मजदूरों को रोजगार दे रहे। इसके लिए टीम भी गठित की गई है। मनरेगा के तहत जॉबकार्ड देकर काम दिया जा रहा। फिर भी पर्याप्त रोजगार के अभाव में लोग परदेस जा रहे।







युवराज मीडिया एंड एंटरटेनमेंट की घोषित चम्पारण की पावन धरती पर बन रही भव्य वेब सीरिज एवं फीचर फिल्म की शुटिंग शीघ्र शुरु होगी । निर्माता:9471005272










# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल भारत का सपना अब हो रहा है साकार, जिले की पंचायतों को डिजिटल बनाने कवायद शुरु



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल भारत का सपना अब साकार हो रहा है। जिले की पंचायतों को डिजिटल बनाने कवायद की जा रही है। जिले के सभी पंचायतों को हाइटेक बनाने को लेकर ऑप्टिकल फाइबर व वाईफाई लगाने का कार्य शुरू हो गया है। बीबीएनएल यानी भारत ब्रॉडबैंड निगम लिमिटेड द्वारा ऑप्टिकल फाइवर केबल के माध्यम से इंटरनेट की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए पंचायत स्तर पर कॉमन सर्विस सेंटर, सीएससी को जिम्मेदारी दी गई है। इस योजना के तहत जिले के सभी पंचायतों में डिजिटल इंडिया के तहत वाईफाई ग्राम का सपना साकार होगा। वाईफाई ग्राम चौपाल से सुदूर इलाकों में रहने वाले ग्रामीण और किसानों को भी कृषि संबंधी जानकारियां, वैज्ञानिक खोज, छात्रों को शिक्षा संबंधी गतिविधियां समेत अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। प्रथम चरण मे 264 ग्राम पंचायतों को इस वर्ष जुलाई के अंत तक वाईफाई ग्राम पंचायत घोषित किया जाना है। डिजिटल इंडिया के तहत आंगनबाड़ी, स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, राशन दुकानदारों, पंचायत कार्यालय भवन में निश्शुल्क यह सुविधा दी जाएगी। जबकि जिले अन्य पंचायतों का कार्य भी दूसरे चरण में ऑप्टिकल फाइबर व वाईफाई लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा।
ग्रामीणों को मिलेगी 100 एमबीपीएस की स्पीड डिजिटल इंडिया के तहत सभी चिन्हित ग्राम पंचायत जिसमें बीबीएनएल के साथ सीएससी को भागीदार बनाया गया है। इसके लिए बीबीएनएल ने अंडरग्राउंड ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने का कार्य पूरा कर लिया है। ग्रामीणों को 100 एमबीपीएस तक की इंटरनेट स्पीड मिलेगी। इन सभी पंचायतों का रखरखाव कॉमन सर्विस सेंटर के चौंपियन वीएलई द्वारा किया जा रहा है। वाईफाई का यंत्र लगाने का काम शुरू हो गया है। डिजिटल इंडिया के तहत पंचायत में सभी सरकारी और गैरसरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। ऑनलाइन सर्विस के साथ डिजिटल एजुकेशन, डिजिटल हेल्थ केयर सुविधा, बैंकिग, कृषि सहित राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की सभी योजनाओं को कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाया जाएगा।
जानकारी के अभाव में मुखिया बन रहे हैं योजनाओं के विकास में रोड़ा जिस ग्राम पंचायत में जिपॉवन मशीन असुरक्षित है, भवन टूटे फूटे हैं, बिजली की समस्या है तो उसे तत्काल सीएससी सेंटर पर स्थानांतरित करने का निर्देश बीबीएनएल के द्वारा दिया गया है। कई जगह स्थानीय मुखिया जानकारी के अभाव में कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इसकी जानकारी कॉमन सर्विस सेंटर के जिला प्रबंधक ब्रजभूषण कुमार ने दी।




Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830